MINISTRY OF HEALTH
MANATŪ HAUORA

# खसरा , कण्ठमाला और जर्मन खसरा

## विशेष टीकाकरण कार्यक्रम

**अपने बच्चे को खसरा , कण्ठमाला और जर्मन खसरा से बचाएँ**

## सहमतिपत्र

कृपया इस फार्म को भरकर स्कूल में वापिस भेज दें।



Hindi

immunise

their best protection

# MMR टीकाकरण सहमतिपत्र

**कई युवा लोगों को बचपन में खसरा, कण्ठमाला और जर्मन खसरा का टीका नहीं लग पाता है। भावी प्रकोप को रोकने के लिए, छात्रों को खसरा, कण्ठमाला और जर्मन खसरा से बचाने के लिए उन्हें स्कूल में निःशुल्क टीका लगाया जा रहा है।**

यह फार्म आपको खसरा, कण्ठमाला और जर्मन खसरा (MMR) के टीके के बारे में जानकारी प्रदान करता है, और इसमें आपसे स्कूल में आपके बच्चे को टीका लगाने के लिए आपकी अनुमति की माँग की गई है।

**कृपया अलग से स्वीकृति फ़ॉर्म भरें और उसे स्कूल को वापस दें**

## खसरा, कण्ठमाला और जर्मन खसरा क्या हैं?

**खसरा** एक बहुत ही संक्रामक वायरस है। टीकाकरण शुरू होने से पहले, लगभग सभी बच्चों को खसरा हो जाता था। खसरा के कारण फुंसी, तेज़ बुखार, नाक बहना, जुकाम और गला दुखना, आँख में पानी आना जैसी समस्याएं होती हैं। गंभीर मामलों में निमोनिया, एन्सेफलाइटिस (दिमाग में सूजन), दस्त और कभी-कभी मृत्यु हो सकती है।

**कण्ठमाला** एक वायरस के कारण होता है और यह हवा के माध्यम से फैलता है। कण्ठमाला के कारण बुखार, सिरदर्द और चेहरे के आसपास की नसों में सूजन होती है। पुरुषों में कण्ठमाला के कारण अण्डकोष में सूजन और कभी-कभी प्रजनन क्षमता में कमी हो जाती है। कण्ठमाला के कारण मेनिंजाइटिस और एन्सेफेलाइटिस (दिमाग में सूज़न) भी हो जाती है।

**जिन बच्चों को टीका नहीं लगा हो, उन्हें खसरा या कण्ठमाला होने पर स्कूल से लगभग एक महीने घर रहना पड़ता है।**

**जर्मन खसरा** आमतौर पर एक हल्की, वायरल बीमारी है। इसके कारण बच्चों को छोटी फुंसियां, बुखार और नसों में सूजन हो जाती है। यह गर्भवती महिलाओं के लिए बहुत ही खतरनाक है क्योंकि इसके कारण एक अजन्में बच्चे में बहरापन, अंधापन और मानसिक विकार हो सकता है।



## आपके बच्चे को कैसे सुरक्षित किया जा सकता है?

सबसे अच्छी सुरक्षा है MMR टीके की दो खुराक जो खसरा, कण्ठमाला और जर्मन खसरा से बचाता है। यह शरीर में इन बिमारियों से लड़ने वाले एंटीबॉडीज़ बनाता है।

यदि एक प्रतिरक्षित व्यक्ति इनमें से किसी भी बीमारी के संपर्क में आता है, तो उसके शरीर में मौजूद एंटीबॉडीज़ इन वायरस से लड़ेंगे और उसे संक्रमित होने से बचाएंगे।

**सुरक्षित रहने के लिए आपको MMR की दो खुराक की ज़रूरत होती है**

## MMR टीका कितनी अच्छी तरह कार्य करता है?

MMR की दो खुराक 99% लोगों को खसरा और जर्मन खसरा से, और लगभग 85% लोगों को कण्ठमाला से बचाएगी। जिन लोगों को टीका लगा हुआ है उनसे से बहुत कम लोग अभी भी बीमार हो सकते हैं। अगर ऐसा होता है, तो आमतौर पर उन्हें टीका नहीं लगे हुए व्यक्ति की तुलना में बहुत ही हल्की बीमारी होती है।

## टीका कितना सुरक्षित है?

MMR टीका का उत्कृष्ट सुरक्षा रिकॉर्ड है और New Zealand में इसका 1990 से इस्तेमाल हो रहा है। संभावित प्रतिक्रियाओं की सूची के लिए, सामान्य प्रतिक्रिया अनुभाग देखें।

## किसे टीका लगाने की जरूरत है?

अगर आप निश्चित नहीं है कि आपके बच्चे को MMR की दोनों खुराक दी गई है या नहीं, तो स्वास्थ्य मंत्रालय सिफ़ारिश करता है कि उन्हें टीका लगाया जाए। अतिरिक्त खुराक होने पर सुरक्षा संबंधी अधिक चिंता की आवश्यकता नहीं है।

अधिकांश युवा लोगों को बचपन में ही MMR की कम से कम एक खुराक दे दी गई होगी। हालांकि, 2001 में टीकाकरण कार्यक्रम में बदलाव और 2005 से पहले कम प्रभावी रिमाइंडर सिस्टम का अर्थ है बहुत सारे किशोर और युवा पूरी तरह सुरक्षित नहीं हैं।

अगर आप किसी दूसरे देश से आ रहे हैं, जिसमें प्रशांत द्वीप भी शामिल है, तो हो सकता है कि आपको कोई अन्य टीका लगा हो जो खसरा, कण्ठमाला और जर्मन खसरा से आपकी सुरक्षा न कर सके।

अगर आप निश्चित नहीं हैं या आपको रिकॉर्ड न मिल पाएं, तो स्वास्थ्य मंत्रालय अब MMR टीका लगवाने की सिफ़ारिश करता है।



## किन्हें टीका नहीं लगवाना चाहिए?

ऐसे बहुत ही कम बच्चे हैं जिन्हें टीका नहीं लगवाना चाहिए। इस फ़ॉर्म पर हस्ताक्षर करने से पहले अपने डॉक्टर, विशेषज्ञ या नर्स से बात करें यदि:

- आपके बच्चे को पहले कभी किसी टीके से गंभीर रिएक्शन हुआ हो
- आपके बच्चे का कैंसर या अन्य गंभीर बीमारी का इलाज चल रहा है
- आपके बच्चे को पिछले साल ब्लड ट्रांसफ़्यूज़न या अन्य ब्लड प्रोडक्ट दिया गया हो।

गर्भावस्था के दौरान MMR टीके की सिफ़ारिश नहीं की जाती है।

ऐसे बच्चे जिन्हें दमा यानि अस्थमा, एलर्जी हो या जो आम सर्दी-ज़ुकाम जैसी किसी बीमारी से ठीक हो रहे हैं, उनका टीकाकरण किया जा सकता है।

## टीकाकरण किस प्रकार किया जाता है?

MMR टीका का इंजेक्शन बाज़ू के ऊपरी हिस्से में लगाया जाता है। स्कूल में अधिकतम दो खुराक दी जाती है। आपका स्कूल आपको बताएगा कि दूसरी खुराक लेने का समय कब है।

## मैं अपने बच्चे को और कहां से टीका लगवा सकता/सकती हूं?

MMR का टीका फ़ैमली डॉक्टर, कुछ फ़ार्मासिस्ट (अगर आपकी उम्र 16 साल या इससे अधिक है) और लोकल हैल्थ केयर से भी निःशुल्क उपलब्ध है। अगर आप इस बारे में अपना विचार बदल लेते हैं कि आपके बच्चे को स्कूल में MMR टीका लगवाया जाए या नहीं, तो कृपया सीधे अपनी स्कूल नर्स से सम्पर्क करें।

**हमारे समुदाय में खसरा, कण्ठमाला और जर्मन खसरा का प्रकोप रोकने में मदद करें - स्कूल में आज ही सहमतिपत्र भरकर वापिस लौटाएँ!**

## सामान्य प्रतिक्रियाएँ

किसी भी दूसरे टीके की तरह, आपके बच्चे की बाज़ू में दर्द हो सकता है तथा इंजेक्शन वाली जगह पर लालपन, दर्द या सूजन आ सकती है।

दस में से एक से भी कम बच्चे को टीके के बाद 5 और 12 दिनों के बीच हल्की प्रतिक्रिया हो सकती है, जैसे हल्का बुखार, दाने या नसों में सूजन।

आम तौर पर एक या दो दिन के भीतर हो सकने वाली अन्य प्रतिक्रियाओं में निम्नलिखित शामिल होती हैं:

- सिर-दर्द
- बुखार (गरम महसूस करना)
- उबकाई (जी मितलाना)
- बेहोशी, चक्कर आना (सिर चकराना या सिर में हल्कापन महसूस करना); टीकाकरण से पहले अच्छे से नाश्ता या दोपहर का भोजन करने से बेहोशी नहीं होगी या चक्कर नहीं आएगा
- सामान्य पीड़ा महसूस करना (बीमार महसूस करना, पीड़ा तथा दर्द)।

एनाफ़िलेक्सिस एक गंभीर एलर्जी संबंधी प्रतिक्रिया है जो किसी भी टीके से हो सकती है। यह बहुत ही असाधारण केसों में होता है, लगाए गए हर दस लाख टीकों में से कम से कम तीन लोगों को और आमतौर पर टीका लगाने के कुछ मिनट में हो जाता है। टीका लगाने वाला हर व्यक्ति प्रशिक्षित है और इस तरह के रिएक्शन को डील कर सकता है। हर टीकाकरण के बाद 20 मिनट तक आपके बच्चे की निगरानी की जाएगी। किसी भी टीकाकरण के बाद यह एक आम प्रथा है।

टीका लगाने वाला व्यक्ति आपके बच्चे को यह सलाह भी देगा कि टीका लगाए जाने के बाद क्या किया जाना चाहिए।

अन्य दुर्लभ रिएक्शन के बारे में जानकारी www.medsafe.govt.nz वेबसाइट पर ऑनलाइन उपलब्ध है।

इन बीमारियों से आपके बच्चे को होने वाली स्थायी चोट की तुलना में आपके बच्चे को गंभीर साइड इफ़ैक्ट होने का ख़तरा बहुत ही कम है।

**स्कूल में या अपने लोकल GP पर टीका लगवाएं**

अगर टीका लगाने के बाद आपके बच्चे को कोई असामान्य या गंभीर लक्षण दिखाई दे, तो कृपया अपने डॉक्टर या पब्लिक हैल्थ नर्स से संपर्क करें। आप निःशुल्क हैल्थलाइन नंबर 0800 611 116 पर किसी भी समय, दिन के 24 घंटे, हफ़्ते के 7 दिन कॉल भी कर सकते हैं। स्वास्थ्य सेवा कर्मियों को टीकाकरण के बाद हुई प्रतिक्रियाओं की रिपोर्ट प्रतिकूल प्रतिक्रियाएँ मॉनिटरिंग केंद्र (CARM) को करनी चाहिए। आप सीधे CARM वेबसाइट (www.otago.ac.nz/carm) के माध्यम से उनकी रिपोर्ट कर सकते हैं।

### मुझे अधिक जानकारी कहाँ से प्राप्त हो सकती है?

- अपने पारिवारिक डॉक्टर या नर्स प्रैक्टिशनर से बात करें
- **http://www.health.govt.nz/immunisation** वेबसाइट पर जाएँ
- वैक्सीन के बारे में तकनीकी जानकारी के लिए, "MMR" या "Priorix" के लिए **www.medsafe.govt.nz** खोजें
- **0800 IMMUNE (0800 466 863)** फ़्रीफ़ोन पर कॉल करें
- इस अभिभावकीय सहमतिपत्र को पूरा भरने के लिए अगर आपको अधिक जानकारी चाहिए या इस जानकारी को यदि आप किसी अन्य भाषा में प्राप्त करना चाहते हैं तो स्कूल नर्स से सीधा संपर्क करें।

## ग्राहक अधिकार

स्वास्थ्य एवं विकलांगता सेवा ग्राहकों के अधिकारों की संहिता (कोड ऑफ हैल्थ एंड डिसेबिलिटी सर्विसिज़ कन्ज़्यूमर्स राईट्स) न्यूज़ीलैंड में सारी स्वास्थ्य एवं विकलांगता सेवाओं पर लागू होती है। अधिक जानकारी के लिए, www.hdc.org.nz वेबसाइट पर जाएं या 0800 555 050 नम्बर पर फोन करें।

## गोपनीयता

संभव है कि स्कूलों ने छात्रों के नाम, कमरों के नंबर, जन्म-तिथियों, उनके पतों तथा जातीयता के बारे में कुछ जानकारी प्रदान की हो। ऐसा करने से पहले जरूरी है कि स्कूल आपको सूचित करें। इस जानकारी के साथ-साथ अभिभावकीय सहमतिपत्र में आपके द्वारा दी गई जानकारी का प्रयोग इस टीकाकरण कार्यक्रम का संचालन करने के लिए किया जाएगा। सहमतिपत्र से प्राप्त होने वाली जानकारी और लगाए गए या मना किए गए (अस्वीकृत) हर टीकाकरण का विवरण आपके जिला स्वास्थ्य बोर्ड द्वारा रिकॉर्ड किया जाएगा। कुछ जानकारी नेशनल इम्यूनिसेशन रजिस्टर में दर्ज की जाएगी।

नेशनल इम्युनाइज़ेशन रजिस्टर राष्ट्रीय डेटाबेस है, जो स्वास्थ्य मंत्रालय के पास होता है, जिसमें न्यूज़ीलैंड में दिए गए टीकों के रिकॉर्ड होते हैं।

यह जानकारी स्वास्थ्य जानकारी गोपनीयता कोड द्वारा सुरक्षित होती है। केवल अधिकृत स्वास्थ्य व्यावसायिक ही इसे देख पायेंगे, इसका प्रयोग कर पायेंगे या उसमें परिवर्तन ला पायेंगे। परन्तु आप अपने बच्चे की जानकारी को देख सकते हैं और किसी ब्यौरे को ठीक कर सकते हैं। अगर आप ऐसा करना चाहते हैं, तो अपनी पब्लिक हैल्थ नर्स या डॉक्टर या हैल्थ सैंटर से सम्पर्क करें।

पब्लिक हैल्थ नर्स इस जानकारी का उपयोग करेंगी:

- आपके डॉक्टर या हैल्थ सैंटर से यह जाँच करने के लिए संपर्क करेंगी कि आपके बच्चे को पहले से ही कौन सा टीका लगाया जा चुका है
- अगर आपके बच्चे को कोई स्वास्थ्य सम्बन्धी चिंता है
- स्कूल को यह सूचित करने के लिए कि आपके बच्चे को टीका लग चुका है या नहीं
- इस टीकाकरण कार्यक्रम का मूल्यांकन करने तथा भावी कार्यक्रमों की योजना बनाने के लिए, या
- अगर स्कूल में उसका टीकाकरण छूट गया हो तो आपके बच्चे को आपके फैमिली डॉक्टर या प्रैक्टिस नर्स के पास टीकाकरण हेतु रिफर करने (भेजने) के लिए।

वैयक्तिक रूप से किसी की पहचान न की जा सकने वाली जानकारी को शोध (रिसर्च) के उद्देश्य से या नई सेवाओं की योजना बनाने के लिए किया जा सकता है।

स्कूल उपस्थिति की साझेदारी (स्कूल रोल शेयरिंग), गोपनीयता तथा जानकारी के प्रयोग के बारे में अधिक जानकारी के लिए अपने डिस्ट्रिक्ट हैल्थ बोर्ड की गोपनीयता नीतियों को देखें। अगर गोपनीयता के बारे में आप कोई प्रश्न पूछना चाहते हैं, तो आप enquiries@privacy.org.nz पते पर ईमेल कर सकते हैं या प्राइवेसी कमिश्नर की नि:शुल्क हैल्पलाईन से 0800 803 909 नम्बर पर संपर्क कर सकते हैं।

**नर्स का संपर्क विवरण:**

immunise
their best protection

MINISTRY OF HEALTH
MANATŪ HAUORA

hpa health promotion agency
TE HIRINGA HAUORA

New Zealand Government

June 2020. कोड: **HE2603**